# गुरुग्राम में AQI 402 दर्ज किया गया

## चर्चा में क्यों?


केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, गुरुग्राम ज़िले में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 402 दर्ज कर **'गंभीर' श्रेणी में पहुँच गया।**

## मुख्य बिंदु

- अन्य स्थान जैसे सोनीपत (390), धारूहेड़ा (377), जिंद (358), चरखी दादरी (351), बहादुरगढ़ (347), मानेसर (345), फरीदाबाद (320), हिसार (317), नारनौल (310), सिरसा (309) और पानीपत (303) **'बहुत खराब'** श्रेणी में थे।
- **वायु गुणवत्ता सूचकांक:**
- AQI लोगों को वायु गुणवत्ता की स्थिति के बारे में प्रभावी ढंग से जानकारी देने का एक साधन है, जिसे समझना आसान है।
- **दिल्ली और NCR के लिये** विभिन्न AQI श्रेणियों के अंतर्गत कार्यान्वयन हेतु ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान तैयार किया गया है।
- **AQI को आठ प्रदूषकों** अर्थात् **PM2.5**, **PM10**, **अमोनिया**, **सीसा (लेड)**, **नाइट्रोजन ऑक्साइड**, **सल्फर डाइऑक्साइड**, **ओज़ोन** **और** **कार्बन मोनोऑक्साइड** के लिये विकसित किया गया है।

## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)

- इसका **गठन वर्ष 1974 में** **जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974** के तहत किया गया था।
- **CPCB को वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981** के अंतर्गत शक्तियाँ एवं कार्य भी सौंपे गए।
- **यह एक क्षेत्रीय इकाई के रूप में कार्य करता है तथा** **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986** के प्रावधानों के संबंध में **पर्यावरण एवं वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** को तकनीकी सेवाएँ भी प्रदान करता है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gurugram-aiq-recorded-402